नो दिनों तक लागे मेला

नो दिनों तक लागे मेला,
माँ के हो जगराते,
आये तेरे नवरात्रे,
मैया के नवरात्रे,
आये तेरे नवरात्रे,
मैया के नवरात्रे....

कोई माँ की ज्योत जलाये,
कोई फूल चढ़ाता,
कोई माँ को इत्र लगाकर,
जयकारे है लगाता,
दर्शन करने मैया के,
भगत हैं आते जाते,
आये तेरे नवरात्रे,
मैया के नवरात्रे.....

कोई तुम्हारी महिमा गाये,
नारियल चुनरी चढ़ाए,
हलवा पूरी छोले बनाकर,
तुमको भोग लगाए,
कंजक रूप में आई मैया,
दी सबको सौगातें,
आये तेरे नवरात्रे,
मैया के नवरात्रे.......

तेरी दया से लिखे भजन,
राजा गुहेर मैया,
सारी उम्र साथ निभाना,
देर ना करना मैया,
झूम रहा है मन मेरा,
गुण तेरा है गातें,
आये तेरे नवरात्रे,
मैया के नवरात्रे..........

नो दिनों तक लागे मेला,
माँ के हो जगराते,
आये तेरे नवरात्रे,
मैया के नवरात्रे,
आये तेरे नवरात्रे,
मैया के नवरात्रे.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29144/title/nau-din-tak-laage-mela

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |